भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3564
उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

एनआईटी का स्थानांतरण

3564. श्री तीरथ सिंह रावतः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तराखंड के पौड़ी जिले में प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जो अस्थायी रूप से श्रीनगर के आई.टी.आई. परिसर में चल रहा है, हेतु एक स्थायी परिसर का निर्माण करने हेतु भूमि का ग्राम सुमाड़ी में चयन कर लिया गया है;

(ख) क्या सरकार का इस संस्थान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का विचार है

और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रस्तावित संस्थान को पौड़ी-गढ़वाल के सुमाड़ी गांव में स्थापित करने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): जी, हां। उत्तराखण्ड सरकार ने एनआईटी उत्तराखंड के स्थायी परिसर की स्थापना हेतु सुमाड़ी गांव में भूमि आबंटित की है।

(ख): मानव संसाधन विकास मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): एनआईटी उत्तराखण्ड की स्थापना के लिए सुमाड़ी में स्थायी परिसर के निर्माण की योजना प्रक्रियाधीन है।

*****